अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , सोमवार,13 अप्रैल 2026

PAGE NO : IV TOP

टी-20 प्राइज मनी टूर्नामेंट की ट्रॉफी एमडीसीए ने जीती

विजेता टीम को सम्मानित करते चेयरमैन देवमूर्ति। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● फाइनल में आईके नेक्स्ट जनरेशन को 6 विकेट से हराया

अमृत विचारः श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) ने आईके नेक्स्ट जनरेशन को 6 विकेट से हराया।

आईके नेक्स्ट जनरेशन ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। एमडीसीए की टीम ने 15.4 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 35 गेंदों में 61 रन बनाने पर ऋतुराज शर्मा को मैन ऑफ द मैच व प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। एमडीसीए के अंकुर शर्मा पांच मैचों में 10 विकेट लेकर बेस्ट बॉलर रहे। हर्ष त्यागी ने 271 रन बनाकर बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार जीता। विजेता टीम को 2 लाख रुपये और ट्रॉफी प्रदान की गई। उपविजेता आईके नेक्स्ट जनरेशन को 1 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को 11 हजार, बेस्ट बल्लेबाज व गेंदबाज को 5100-5100 रुपये दिए गए। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अविनाश सिंह, चेयरमैन देवमूर्ति, आदित्यमूर्ति, डॉ. आशीष सक्सेना आदि मौजूद रहे।